o/c

# DELHI SARKARI RATION DEALER'S SANGH - DELHI

Office : Shop No. 2 & 3, C-4, DDA Market, First Floor, Lawrance Road, Keshavpuram, Delhi-110035
E-mail : dsrdsdelhi@gmail.com Website : www.dsrdsdelhi.com

DSRDS

18 DEC 2017

*SHIV KUMAR GARG*
*President*
*9212567435*

*JAGDISH PRASHAD*
*Sr. Vice President*
*9810406015*

*KUNJ BIHARI BANSAL*
*Vice-presiaent*
*9810630323*

*SHYAM SUNDAR*
*Vice President*
*9911178848*

*SUNIL SHARMA*
*Vice President*
*9310023180*

*MANOJ SHARMA*
*Vice President*
*9582203929*

*HARI KRISHAN (LILU)*
*Vice-President*
*9212442834*

*SITA RAM*
*Gen. Secretary*
*9312238830*

*RAJNEESH SHARMA*
*Secretary*
*9818569678*

*SAURABH GUPTA*
*Secretary*
*9810943745*

*MATLOOB ALAM*
*Secretary*
*9818946781*

*MANJEET KAUR*
*Secretary*
*9210565722*

*RAHUL AGGARWAL*
*Cashier*
*9871420213*

*Ref. : DSRDS-DELHI/2017/NO.* 301 – 308 *Date :* 15/12/17

सेवा में,

श्री मान के. आर. मीणा (IAS)
सचिव/आयुक्त, खाद्य एवं संभरण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार-दिल्ली
के. ब्लाक, विकास भवन, आई.टी.ओ.
नई दिल्ली-110001

Recd
15/12/17

Food & Supply ... G.N.C.T. of Delhi, K-Block Vikas Bhawan New Delhi

**विषय:- दिल्ली में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अंतर्गत ई-पास/बायोमेट्रिक प्रणाली के दवारा राशन वितरण करने पर, दिल्ली के जरूरतमंद उपभोक्ताओं/लाभार्थियों को हो रही परेशानियों के निवारण हेतु प्रार्थना।**

महोदय,

दिल्ली में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अंतर्गत ई-पास / बायोमेट्रिक प्रणाली के दवारा राशन वितरण की शुरुआत 01 दिसम्बर 2017 से ट्रायल के तौर पर हो चुकी की है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, दिल्ली के पूर्व आदेशानुसार इस प्रणाली का ट्रायल दिल्ली की 70 विधानसभा और विभाग के 9 जिलों की 140 उचित दर दुकानों पर होना था, किन्तु किन्ही कारणों से या फिर विभाग दवारा पूर्णत: तैयारी ना होने पर इस प्रणाली को 01 दिसम्बर 2017 से शुरू करने हेतु विभाग ने दिल्ली के 7 जिलों में 97 ई-पोस मशीने नवम्बर माह में उचित दर दुकानो को आवंटित की। जिनका वर्णन जिलानुसार निम्नलिखित है। मध्य जिला में 13, पूर्व जिला में 16, नई दिल्ली जिले में 14, उत्तर जिले में 16, उत्तर-पूर्व जिले में 15, उत्तर-पश्चिम जिले में 15 तथा दक्षिण जिले मे 8 कुल मिलाकर पूरी दिल्ली में लगभग 97 ई-पोस मशीनें लगाई गयी है, और दिसम्बर माह 2017 का खादयान्न राशन कार्डधारियों को इन मशीनों के दवारा ही वितरित किया जा रहा है। महोदय, ई-पास मशीनों से खादयान्न वितरित करने पर दिल्ली के राशन दुकानदारों को विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ रही है, उनमें से कुछ समस्याएं निवारण हेतु निम्न है:-

18.12.17.

Received
18-12-2017

1. **ई-पास/बायोमेट्रिक प्रणाली से राशन बांटते समय नैटवर्क की समस्या:-** महोदय कई बार इंटर्नेट का नैटवर्क ना आने के कारण या फिर सर्वर सूचारू रूप से ना चलने के कारण उपभोक्ता/लाभार्थियों के साथ-साथ उचित दर दुकानदार को घंटों राशन वितरण का इंतजार करना पडता है, जिसके कारण उचित दर दूकानों पर अत्यिधिक भीड़ इकध्रा हो जाती है। उपभोक्ता इकट्ठे होकर मैनुअल राशन वितरण करने की मांग करते है, विभागीय आदेश ना होने के कारण, मना करने पर राशन दुकानदार मैनुअल राशन वितरण ना करने पर मजबूर होता है। जिस कारण कई बार उपभोक्ताओं के द्वारा दुकानदार के लिए अभद्र भाषा का का प्रयोग किया जाता है और कई बार हाथा-पाई तक नौबत आ जाती है।

2. **ई-पास/बायोमेट्रिक मशीन में उपभोक्ता/लाभार्थियों के बायोमैट्रिक का मिलान ना होना:-** दिल्ली में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-2013 के तहत खाद्य आपूर्ति विभाग दिल्ली के द्वारा सभी लाभार्थियों से आधार कार्ड की कापी लेकर ही विभाग के नियमानुसार बहुत ही गरीब परिवारों के खाद्य सुरक्षा कार्ड बनाए गये हैं। यह गरीब परिवार अत्याधिक झुग्गी झोपडियों में रहने वाले परिवार हैं तथा दैनिक मजदूरी करने वाले परिवार भी है जोकि विभिन्न प्रकार से मजदूरी करते है जिससे ई-पास मशीन द्वारा बायोमैट्रिक चिन्हित करते समय निम्नलिखित कठिनाईयों का सामना करना पडता है जैसे:-

   (क) पुरूष लोग बेलदारी,राजमिस्त्री, पेंटर इत्यादि और फैक्ट्रियों में काम करते है, जिसके कारण लोगों के हाथों के अंगुठों और उंगलियों के निशान खराब हो जाते हैं। इस कारण ई-पोस में उंगलियों के निशान का मिलान तो दूर मशीन उनके निशान ही रीड नहीं कर पाती है।

   (ख) काफी महिलाएं घरों में कोठियों में घर का काम करती हैं, और यदि किसी महिलाओं ने हाथों में मेंहदी लगा रखी है तो भी मशीन उनके अंगुठों और उंगलियों के निशान कई बार रीड नही कर पाती, जिस कारण भी उनका बायोमैट्रिक फेल हो जाता हैं।

   (ग) बुजुर्ग लोगों में बुढापे के कारण तथा सर्दी के कारण उनकी हाथों की खाले लटक/ढीली हो जाती है तथा सर्दी में सुकुड जाती हैं, इस कारण भी उनके उंगलियों/अंगुठों के निशान कई बार मशीन चिन्हित नहीं पाते है।

   (घ) यदि किसी उपभोक्ता के घर से बच्चे राशन लेने आते हैं तो बढती उम्र के कारण उनकी अंगुठे/उंगलियों के निशान भी कई बार मशीन द्वारा रीड नहीं हो पाते या फिर उनका बायोमैट्रिक डाटा अधार सर्वर में अपडेट नहीं होता जिस कारण भी ई-पास मशीन बायोमैट्रिक मिलान नहीं कर पाती।

   (ङ) UIDAI के सर्वर में हर व्यक्ति का बायोमैट्रिक डाटा भी अपडेट नहीं है।

3. इन सब के बाद मशीन में कई बार अलग-अलग तरह के एरर आते है जिनमे से कुछ निम्न है:-

   (I) Device ID not Mapped with this Shop
   (II) Framing Request failed
   (III) Connecting to server for Adhar Authentication मे मशीन बहुत ज्यादा समय लेने लगती है।
   (IV) Biometric Module down Reboot device

महोदय, राशन कार्डधारी या उसके परिवार का कोई सदस्य जैसे-तैसे समय निकालकर अपने महीने भर का खाद्यान्न लेने के लिए उचित दर दुकान तक आता है, और घंटों इंतज़ार करने के बावजूद ई-पोस मशीन से राशन न मिलने पर उसको बेहद निराशा होती है, और वह राशन दुकानदार से मैनुअल राशन लेने की पुरजोर मांग करता है। जबकी विभागीय अधिकारियों के हाल ही मे जारी मौखिक आदेशानुसार किसी भी स्थिति में उपभोक्ता/लाभार्थियों का बायोमैट्रिक ई-पास मशीन के द्वारा रीड न होने पर उस लाभार्थी के अन्य सदस्य को बुलाकर और ई-पास मशीन से बायोमैट्रिक मिलान करने पर ही राशन दिया जा सकता है।

**महोदय, आपसे आशा ही नहीं, पुर्ण विश्वास है कि आप उपरोक्त विषय पर जनहित को ध्यान में रखते हुए इस सन्दर्भ में जल्द से जल्द उचित आदेश पारित कर दिल्ली की गरीब जनता/राशन उपभोक्ता को उनका राशन पहले की भांती सुगमता से उपलब्ध करवाएंगे।**

(कुंज बिहारी बंसल)
**कार्यरत अध्यक्ष**

प्रतिलिपी:-

1. श्री अनिल बैजल,(IAS ),माननीय उप राज्य पाल,राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली सरकार दिल्ली।
2. श्री अरविंद केजरीवाल,माननीय मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र – दिल्ली सरकार दिल्ली।
3. श्री अंशु प्रकाश, मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र - दिल्ली सरकार दिल्ली।
4. श्री इमरान हुसैन, माननीय खाद्य मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र - दिल्ली सरकार दिल्ली
5. सचिव, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग,बी.पी.-3, कृषी भवन, नई दिल्ली।
6. श्री बिश्वम्भर बासु, राष्ट्रीय महासचिव, आल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन, दिल्ली-92
7. रोजी-रोटी अधिकार अभियान, B-76, SFS फ्लैट, शेख सराय फेस-1 नई दिल्ली 17

Delhi Sachivalaya I.P. Estate, New Delhi-02
18 DEC 2017
RECEIVED
R&I Branch
Govt. of NCT of Delhi

(कुंज बिहारी बंसल)
**कार्यरत अध्यक्ष**

भारतीय डाक
India Post